दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

RNI NO- UPBIL/2021/83001

बर्ष :-02 अंक :-238 मुरादाबाद **25 December 2022 (Sunday)** पृष्ठः-08 मूल्य :- 3.00 रूपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## पीएम मोदी बोले- 2014 के बाद मेडिकल कॉलेजों की संख्या में 65% से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई



पीएम मोदी ने कहा कि देश आजाद होने के बाद हम पर जिम्मेदारी थी कि शिक्षा के क्षेत्र में हम अपने प्राचीन वैभव और महान गौरव को पुनर्जीवित करें। स्वामीनारायण गुरुकुल इसी गौरव का उत्कृष्ट उदहारण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को स्वामीनारायण गुरुकुल राजकोट संस्थान के 75वें 'अमृत महोत्सव' को वीडियो का कान्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कई अहम मुद्दों पर चर्चा कीं। पीएम मोदी ने स्वामीनारायण गुरुकुल के 75 वर्षों की यात्रा पूरी होने के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि देश आजाद होने के बाद हम पर जिम्मेदारी थी कि शिक्षा के क्षेत्र में हम अपने प्राचीन वैभव और महान गौरव को पुनर्जीवित करें। स्वामीनारायण गुरुकुल इसी गौरव का उत्कृष्ट उदहारण है।

### गुरुकुल ने छात्रों के मन-मस्तिष्क को अच्छे विचारों और मूल्यों से सींचा है

श्री स्वामीनारायण गुरुकुल राजकोट की यात्रा के 75 वर्ष ऐसे कालखंड में पूरे हो रहे हैं, जब देश अपनी आजादी के 75 वर्ष मना रहा है। इस गुरुकुल ने छात्रों के मन-मस्तिष्क को अच्छे विचारों और मूल्यों से सींचा है, ताकि उनका समग्र विकास हो सके। जिस कालखंड में दुनिया के दूसरे देशों की पहचान वहां के राज्यों और राज-कुलों से होती थी, तब भारत को भारतभूमि के गुरुकुलों से पहचाना जाता था। खोज और शोध भारत की जीवन पद्धति का हिस्सा थे। नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय हमारी गुरुकुल परंपरा के वैश्विक वैभव के पर्याय हुआ करते थे।

### मुझे खुशी है कि स्वामीनारायण गुरुकुल 'कन्या गुरुकुल' की शुरुआत कर रहा

जब विश्व में लैंगिक समानता जैसे शब्दों का जन्म भी नहीं हुआ था उस समय हमारे यहां गार्गी और मैत्रेयी जैसी विदुषियां शास्त्रार्थ कर रही थीं। महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में आत्रेयी भी पढ़ रही थीं। मुझे खुशी है कि स्वामीनारायण गुरुकुल इस पुरातन परंपरा को, आधुनिक भारत को आगे बढ़ाने के लिए 'कन्या गुरुकुल' की शुरुआत कर रहा है। मैं इसके लिए आप सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

### 2014 के बाद मेडिकल कॉलेजों की संख्या में 65% से ज्यादा की बढ़ोतरी

पीएम मोदी ने कहा कि आज नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से देश पहली बार उस शिक्षा व्यवस्था तैयार कर रहा है वह दूरदर्शी है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद मेडिकल कॉलेजों की संख्या में 65% से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए देश पहली बार उस शिक्षा व्यवस्था को तैयार कर रहा है जो कि दूरदर्शी है। शून्य से अनंत तक, हमने हर क्षेत्र में शोध किए, नए निष्कर्ष निकाले और आज आजादी के इस अमृतकाल में देश, एजुकेशन इनफास्ट्रक्चर हो या एजुकेशन पॉलिसी... हर स्तर पर काम कर रहा है।

## निजामुद्दीन दरगाह में राहुल गांधी ने चढ़ाई चादर, पुलिस और समर्थको के बीच धक्का-मुक्की




तीन हजार किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा शनिवार सुबह बदरपुर बॉर्डर से दिल्ली में प्रवेश कर गई। राहुल का काफिला इंडिया गेट से भी होकर गुजरेगा। दिल्ली के सात संसदीय क्षेत्रों में अलग-अलग पड़ाव होंगे। यात्रा में पार्टी के आला नेताओं, कलाकार, खिलाड़ियों, युवाओं के साथ सभी वर्ग और समुदाय के लोग और पार्टी के हजारों कार्यकर्ता भी शामिल होंगेभारत जोड़ो यात्रा निजामुद्दीन दरगाह पहुंची। यहां राहुल गांधी ने हजरत निजामुद्दीन औलिया की दरगाह पर चादर चढ़ाई। इस दौरान पुलिस और समर्थकों के बीच धक्का-मुक्की हुई। आश्रम चौक से राहुल गांधी की यात्रा विश्राम के बाद शुरू हो गई। यात्रा भोगल पहुंच गई हैकेंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को कहा कि चीन, कोरिया और जापान में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन कांग्रेस को केवल एक परिवार की चिंता है। यह समय कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने का है। मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि क्या वह या कांग्रेस के अन्य नेता जो हिमाचल के सीएम के संपर्क में आए थे और जिनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी, उन्हें क्वारंटाइन किया गया है?आश्रम चौक पर यात्रा शुरू होने से पहले कांग्रेस के भारी संख्या में समर्थक उमड़ आए। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि स्थल भी जाएंगे। इसके अलावा, राजघाट, शक्ति स्थल, वीर भूमि, शांति वन और विजय घाट जाने का भी प्लान है। कांग्रेस की प्रेस वार्ता में पवन खेड़ा ने 108 अंक का महत्व बताया है। उन्होंने इस अंक को राहुल गांधी की यात्रा से जोड़ा है। कहा कि हिंदू मुस्लिम और सिख धर्म में 108 अंक का बहुत बड़ा महत्व है। 108 में दिन राहुल गांधी की यात्रा दिल्ली में पहुंची है।राहुल गांधी के बयान पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि जो देश का नामोनिशान मिटाने की सोचते हो वो भारत जोड़ने की बात कैसे कर सकते हैं। जिनकी यात्रा में नफरत का बीज बोने वाले हों वो मोहब्बत की दुकान खोलने की बात ही कैसे कर सकते हैं... राहुल गांधी को तो देश हित नहीं परिवार हित पहले है।भारत जोड़ो यात्रा के दिल्ली में प्रवेश करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि कुछ लोग नफरत फैला रहे हैं लेकिन देश का आम आदमी अब प्यार की बात कर रहा है. हर राज्य में लाखों लोग यात्रा में शामिल हुए हैं। मैंने आरएसएस-बीजेपी के लोगों से कहा है कि हम यहां आपके नफरत के %बाजार% में प्यार की दुकान खोलने आए हैंकांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को एंबुलेंस को रास्ता देने के लिए यहां अपोलो अस्पताल के पास अपनी भारत जोड़ो यात्रा रोक दी। एंबुलेंस को निकलवाने के लिए वह कुछ देर रुके। उन्होंने साथी यात्रियों से एंबुलेंस को रास्ता देने को भी कहा। राजधानी में अपोलो अस्पताल के पास सुबह करीब साढ़े आठ बजे एक एंबुलेंस आई थी। भारत जोड़ो यात्रा पहले ही लगभग 3,000 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है और जनवरी के अंत में जम्मू और कश्मीर में समाप्त होने से पहले कुल 3,570 किलोमीटर की यात्रा करते हुए 12 राज्यों को कवर करेगी।सोनिया गांधी यात्रा से वापस हुईं

## चीन समेत इन पांच देशों से आने वाले यात्रियों को एयर सुविधा फॉर्म भरना अनिवार्य, सरकार का आदेश

चीन में कोरोना का कहर बढ़ता ही जा रहा है। वहां के अस्पतालों से आ रही तस्वीरें पड़ोसी देशों की भी टेंशन बढ़ा रही हैं। सरकार की एक टॉप अथॉरिटी ने जो आंकड़े पेश किए हैं वे चौंकाने वाले हैं। अथॉरिटी के अनुसार चीन के सरकारी आंकड़ों में संक्रमित मरीजों की संख्या छिपाई जा रही है। अथॉरिटी ने आशंका जताई है कि एक दिन में तीन करोड़ से अधिक मामले सामने आए हों। दुनिया में यह आंकड़ा एक दिन में सर्वाधिक है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को लोगों से घबराने की नहीं बल्कि सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार कोरोना से रोकथाम के लिए पूरी तैयारी में जुट गई हैअधिकारियों ने कहा कि दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, अहमदाबाद, पुणे, इंदौर और गोवा सहित विभिन्न हवाईअड्डों पर सुबह यात्रियों की आरटीपीसीआर कोविड जांच शुरू हुई।वैश्विक स्तर पर बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि चीन, जापान, हांगकांग, बैंकॉक और दक्षिण कोरिया से भारत आने वाले लोगों का RT-PCR टेस्ट अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा, इसको लेकर जल्द ही विस्तृत आदेश जारी किया जाएगा। आंकड़े पेश किए उसमें 163 मामले सामने आए थे।

# शहीद की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल, पिता के भी नहीं थम रहे आंसू, पार्थिव शरीर का इंतजार



सिक्किम में सेना के ट्रक के खाई में गिरने से हुए हादसे में शहीद हुए एटा के लांस नायक 32 वर्षीय भूपेंद्र सिंह की पत्नी सारिका सिंह को जब से जानकारी हुई है, तब से रो-रोकर बुरा हाल है। पिता भी बेटे की मौत से गहरे सदमे में हैं और तीन साल की पोती के साथ ही खुद को भी संभाल रहे हैं। लाड़ले का पार्थिव शरीर आने का इंतजार कर रहे परिजनों के लिए एक-एक पल भारी हो रहा है। एटा जनपद की अलीगंज तहसील के गांव ताजपुर अड्डा के मूल निवासी लांस नायक भूपेंद्र सिंह 2014 में सेना में भर्ती हुए थे। उनकी तीन वर्ष की एक बेटी है। भूपेंद्र सिंह के पिता सुरेन्द्र सिंह और बाबा बैजनाथ सिंह, ताऊ सुखेन्द्र सिंह भी सेना में थे। रविवार को भूपेंद्र का पार्थिव शरीर उनके एटा स्थित पैतृक गांव में पहुंच सकता है, जहां राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

वहीं लांसनायक भूपेंद्र सिंह राठौर की पत्नी सारिका सिंह को जब से जानकारी हुई है, तब से रो-रोकर बुरा हाल है। वे रोते-रोते ही बदहवास हो चुकी हैं। परिजन व शुभचिंतक ढांढस बंधा रहे हैं, लेकिन बार-बार शहीद को याद कर हालत बिगड़ जाती है।शहीद की पत्नी को शुक्रवार की देरशाम ससुर सुरेंद्र सिंह राठौर के मोबाइल पर हादसे की सूचना मिलने की जानकारी मिली। हालांकि काफी समय तक पत्नी से भूपेंद्र के शहीद होने की बात को छिपाए रखा, लेकिन बात ऐसी थी कि छिप नहीं सकी। धीरे-धीरे पूरे गांव के कोने-कोने में बात पहुंच गई और लोगों का हुजूम घर पर एकत्रित होने लगा। तब पत्नी को पूरी तरह से पता चला कि उसका जीवन साथी अब इस दुनिया में नहीं रहा हैतीन वर्षीय बेटी परी हुई गुमशुम- शहीद की एकलौती बेटी परी तीन वर्ष की है। जब कि पिता के शहीद होने की जानकारी मिली है और मां सारिका सिंह को बिखलता देखा है तब से गुमशुम हो गई है। किसी से कोई बात नहीं कर रही है और परिवारीजन उसे बहलाने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि शहीद की इकलौती बेटी अपने बाबा सुरेंद्र सिंह राठौर के काफी करीब रही है तो उनके पास ही ज्यादातर समय व्यतीत कर रही है।

# गोरखपुर में 31 हजार घरों की तलाश में जुटा बिजली विभाग, तीन साल से हैं लापता

मुख्य अभियंता आशु कालिया ने बताया कि इन लापता उपभोक्ताओं की तलाश की जाएगी। हालांकि, इसमें बिलिंग कंपनी की तरफ से भी लापरवाही है। फिर भी रिकार्ड के मुताबिक, बिलिंग एजेंसी टीम स्थानीय अभियंताओं के साथ अपनी क्षेत्र में इन कनेक्शनों की तलाश करेंगे।गोरखपुर मंडल में 31 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को बिजली निगम तलाश करेगा। तीन वर्ष में इन उपभोक्ताओं ने बिजली कनेक्शन को लिया, लेकिन इनका बिजली बिल नहीं बना। इन्हें ना बिलिंग कंपनी खोज सकी और न क्षेत्र के अभियंताओं ने इन्हें तलाशना जरूरी समझा। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एमडी ने चार दिन पहले बिलिंग कंपनी और मंडल के मुख्य अभियंताओं संग बैठक की थी। निर्देश दिए कि 30 दिसंबर तक इन बिलों को नॉन ट्रेसेबल ( गणन से बाहर ) से खोजकर बिल बनाना है।बिजली निगम इन उपभोक्ताओं को लेकर परेशान है। लगातार टीम अपने स्तर से इनका पता लगाने की कोशिश कर रही है, लेकिन नहीं लगा पा रहा है। दरअसल, बैठक में उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, ये उपभोक्ता आज भी बिजली उपभोग करते हैं और इनका बिल भी बनता है। लेकिन बाद में शांत होकर बैठ जाती है। बिलिंग एजेंसी के पास नाम पता होने और उपभोक्ताओं के परिसर पर कनेक्शन जारी करने के बाद भी इन्हें नहीं खोजा जा सका है। ऐसे में इनसे बिजली बिल जमा करवाना एक बड़ी चुनौती होगी। मुख्य अभियंता आशु कालिया ने बताया कि इन लापता उपभोक्ताओं की तलाश की जाएगी। हालांकि, इसमें बिलिंग कंपनी की तरफ से भी लापरवाही है। फिर भी रिकार्ड के मुताबिक, बिलिंग एजेंसी टीम स्थानीय अभियंताओं के साथ अपनी क्षेत्र में इन कनेक्शनों की तलाश करेंगे।

# दुर्गापुर के गौशाला के उद्घाटन के समय हुआ भीषण हंगामा



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती जनपद श्रावस्ती के विकास क्षेत्र गिलौला के अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवरिया के मजरा दुर्गापुर में बने गौशाला का निर्माण कार्य कंप्लीट हो चुका है। दिनांक 24/12/ 2022 को गौशाला का उद्घाटन हुआ है। वही गांव के ही लोगों ने गौशाला में मवेशी पशुओं के पहुंचते ही लोगों ने हंगामा मचा दिया। वही आनन-फानन में लक्ष्मनगर चौकी इंचार्ज बृजेश सिंह मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया।

# सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- एसपी अरविंद कुमार मौर्य व उप जिलाधिकारी इकौना रोहित कुमार यादव द्वारा थाना गिलौला पर थाना समाधान दिवस में आए हुए,फरियादियों की समस्याओं को सुने एवम् उनका निराकरण करने हेतु राजस्व व पुलिस टीम को निर्देशित किये तथा लंबित प्रार्थना पत्रों का यथाशीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए,अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार यादव द्वारा थाना कोतवाली भिनगा,क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे द्वारा थाना मल्हीपुर व क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा द्वारा थाना इकौना पुलिस उपाधीक्षक ( प्रशिक्षु ) द्वारा थाना सोनवा पर आये,फरियादियो की जन समस्याओं को सुना गया एवं गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्र की संख्या थाना गिलौला05 ( राजस्व से संबंधित )थाना सोनवा 10राजस्व से संबंधित )प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से थाना सोनवा से 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर कराया गया,शेष प्रार्थना पत्रों का टीम बनाकर शीघ्र निस्तारण करने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना कृषक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग,श्रावस्ती द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 'पर ड्राप मोर क्राप''माइक्रोइरीगेशन योजनान्तर्गत शुक्रवार को ग्राम नंदई डीह,विकासखण्ड-जमुनहा श्रावस्ती में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।जिसमें ड्रिप/स्प्रिंकलर/मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई के बारे में उपस्थित कृषकों को विस्तार से बताया गया।बैठक में उप निदेशक उद्यान, देवीपाटन मण्डल,गोण्डा डा0 डी0के0वर्मा,कृषि विज्ञान केन्द्र,श्रावस्ती के वैज्ञानिक डा0 विनय कुमार,डा0 उमेश बाबू एवं जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया,कि ड्रिप/स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति अपनाने से फसलों की सिंचाई पर कम लागत आती है और फसलों की सिंचाई कम पानी से हो जाती है,जिससे पानी की बचत होती है,इसी के साथ खाद्य उद्योग मेला का भी आयोजन किया गया,जिसमें 12 उद्यमियों ने अपना पंजीकरण कराया।इस दौरान कार्यक्रम में भारी संख्या में कृषको ने प्रतिभाग किया।

# हैविट मुस्लिम इण्टर कालिज मुरादाबाद में रिवायती मूंगफली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया



अफाक हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- स्टाफ और स्टूडेंट्स-11 के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जिसका उद्धाटन मुख्य- अतिथि श्री नवदीप यादव ब्लाक प्रमुख मुंडापण्डे के द्वारा किया गया तथा मुख्य अतिथि ने बल्लेबाजी कर मैच का आगाज किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टाफ-11, ने 20 ओवर में 185 रन बनाये जिसमे प्रधानाचाय. श्री डॉ0 साजिद नवाज खान एवं प्रबन्धक श्री मुफ्ती आजम ने ओपनिंग करते हुए। पहले विकेट की साझेदारी में 26 रन जोड़े उसके बाद श्री मुशाहिद हुसैन, अफसर अली, अफसर खाँ, मौ0 अभर खां, साजिदअली, नदीम हसन अब्दुल अलीम, अफताब आलम, सलमान जलील, समीटर रहमान, निहालआदि ने बल्लेबाजी करते हुए स्कोर को 185 रन तक पहुचा दिया। स्टूडेंट -11 की ओर से गेंदबाजी करते हुए कप्तान ख्वाजा हसन ने दो विकेट लिये इसके अतिरिक्त रोहन ने दो विकेट मो0 फैजान व अंश बहादुर ने एक-एक विकेट लिया रसके उपरान्त रहना-11 की पूरी टीम 18 रन पर आउट हो गयी

यह मैच स्टाफ -11 ने पाँच रन से जीत हासिलकी मै चूमे एम्पासर के रूप में श्री नामान जलील वूल- रियाज उल इस्लाम रहे। इस दौरान प्रबन्ध समीति के अध्यक्ष श्री नजमुल इस्लाम साहब, उपाध्यक्ष श्री जईम चौधरी, प्रबन्धक श्री मुफ्ती मो. आजम साहब उपप्रबन्धक श्री नाजिश सिद्दीकी कोषाध्यक्ष श्री शाकिर सिद्दीकी तथा तौसीफ कुरैशी तथा परवेजू साहब आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मौलाना आजाद कालिज की बालिकाओं ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर मौलाना आज़ाद ग . इ0 कां की प्रधानाचार्या भी उपस्थित रही। प्रधानाचार्य ने छात्रों को खेल भावना के साथ जीवन में आगे बढ़ने का आर्शीवाद दिया।

# पेन्डिग प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाये-एसएसपी




अफाक हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीणा ने आज संयुक्त रुप से थाना छजलैट एवं थाना सिविल लाइन में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचकर शिकायतों को सुना और शिकायतों को संबंधितों को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में शिकायतें सुनने के साथ ही थाने के अभिलेख एवं रजिस्टरों को भी चैक किया तथा जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों की जानकारी प्राप्त करते हुए निस्तारण की गयीं शिकायतों के संबंध में आवश्यक जानकारी ली तथा एक शिकायतकर्ता से फोन से बात कर शिकायत निस्तारण का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि राजस्व सबंधी शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस का सहयोग अवश्य लिया जाये और पूरी निष्पक्षता एवं ईमानदारी के साथ शिकायतों का निदान किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि आपसी विवाद के प्रकरणों में दोनों पक्षों को सुनने के बाद ही एस0एच0ओ0, नायब तहसीलदार, लेखपाल आदि मौके पर पहुंचकर सत्यता के आधार पर शिकायत का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रयास करें कि थाना दिवस के दिन ही शिकायत का निस्तारण किया जाये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लडाई झगडे के पेन्डिग प्रकरणों को तत्काल निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें तथा छोटी से छोटी शिकायत को भी हल्के में न ले व प्राथमिकता से लेते हुए त्वरित व समयबद्ध निस्तारण करें। इस अवसर पर थाना सिविल लाइन में उप जिलाधिकारी प्रशान्त तिवारी, अपर नगर मजिस्टेªट मनीष चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार, थानाध्यक्ष तथा थाना छजलैट में उपजिलाधिकारी कांठ जगमोहन गुप्ता, तहसीलदार, थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहें।

# फैक्टरी से मजदूरी कर घर लौट रहे संभल के दो भाइयों को पिकअप ने मारी टक्कर, दोनों की मौत



मुरादाबाद-अमरोहा में एक पिकअप ने बाइक सवार दो भाइयों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों भाइयों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है अमरोहा के जोया में शुक्रवार की रात फैक्टरी से मजदूरी करके घर वापस लौट रहे बाइक सवार सगे चचेरे-तहेरे भाइयों को पीछे से पिकअप चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाइयों की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मामले में पिकअप के चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। ये हादसा डिडौली कोतवाली इलाके के चौधरपुर गांव के सामने हुआ। संभल जनपद के नखासा थाना इलाके के गांव नासरपुर में सगे भाई दिवंगत नन्नू सिंह और प्रसादी के परिवार रहते हैं। नन्नू सिंह का बेटा गुड्डू और प्रसादी का बेटा विनाम दोनों परिवार के इकलौते बेटे थे। दोनों की शादी हो चुकी है। परिजनों के मुताबिक दोनों चचेरे तहेरे भाई एक साथ ही डिडौली इलाके की लोदीपुर स्थित एक फैक्टरी में मजदूरी करते थे। दोनों एक बाइक से घर आते-जाते थे। शुक्रवार की रात करीब नौ दोनों भाई फैक्टरी से ड्यूटी करने के बाद घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हाईवे स्थित चौधरपुर जीवन हॉस्पिटल के सामने पहुंची तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में गुड्डू और विनाम की मौके पर मौत हो गई। टक्कर लगने के बाद पिकअप भी मौके पर ही पलट गई। आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। हाईवे पर वाहनों के पहिए थम गए और जाम के हालात बन गए। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर पीके चौहान फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। जबकि क्रेन मंगवा कर पिकअप को सीधा कराया और अपने कब्जे में ले लिया। हादसे की जानकारी मिलते ही मृतकों के परिजन पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंच गए। इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक विनाम के भांजे राजपाल की तहरीर पर पिकअप के अज्ञात चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर मृत्यु करने के आरोप में केस दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

छह बहनों का इकलौता भाई था विनाम- पुलिस के मुताबिक विनाम छह बहनों का इकलौता भाई था। उसके पिता प्रसादी और माता इंद्रो की पहले ही मौत हो चुकी है। विनाम भी शादीशुदा है, उसके परिवार में पत्नी किरन के अलावा दो बेटी हैं। पूरे परिवार की जिम्मेदारी विनाम के कंधों पर थी। उसकी मौत के बाद बहनों और पत्नी का बुरा हाल है।

तीन साल के बेटे के सिर से उठा पिता का साया, मां पहले ही घर छोड़ गई थी-इंस्पेक्टर पीके चौहान ने बताया कि मृतक गुड्डू दो बहनों का इकलौता भाई था। उसकी भी शादी हो चुकी थी। उसके तीन साल का एक बेटा है। गुड्डू की पत्नी करीब 6 महीने पहले घर छोड़कर चली गई थी। अपने तीन साल के बेटे की देखभाल गुड्डू ही करता था। उसकी मौत के बाद मासूम के सिर से पिता का साया उठ गया। गुड्डू के माता-पिता की भी मौत हो चुकी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख ,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


## संपादकीय Editorial

# New year advice

If you are planning to go abroad to enjoy the New Year holidays or enjoy the snow in the mountains in the winter season or have planned parties, cancel them immediately. We do not want to scare you unnecessarily, but in view of the possible spread of corona virus, we are giving you advice. Even if there is some economic loss, it is negligible in the larger interest. At present, the situation is not such that the economy of hotels and the hospitality industry will take a dive by rejecting such programs, but it is beneficial to make arrangements before the storm. Of course, India is still relatively safe and a new wave is neither expected nor likely. In a few days, it will also be decided that how infectious or lethal the new strains of corona are. Since the Government of India has given initial advisories to wear masks in crowded places, maintain social distance, get tested if symptoms of corona are felt and avoid unnecessary travel, it is also in the interest of the country to follow them. Parliamentarians including Prime Minister Modi have already started wearing masks. The national interest of Congressmen including Rahul Gandhi is not defined. Masks have been made mandatory in central hospitals like Delhi AIIMS and Ram Manohar Lohia. However, this is not mandatory in the guidelines at present. By wearing and avoiding masks, we defeated two horrific and deadly waves of the corona pandemic. In fact, an average of 5.87 lakh infected cases have been registered in the world. There have also been more than 1400 deaths in a single day. This figure may also have been presented by limiting it. However, the number of deaths in China itself looks very scary. In countries like America, France, Japan, South Korea, Greece, Italy, Brazil etc. millions of cases of corona infection are continuously coming to the fore. The World Health Organization has asked China for the real figures of infection. Hiding such data in times of pandemic is worrisome and anti-human. People are running away from China and going to countries like Laos, Vietnam, Myanmar etc. There is a lot of movement between India and China as well. At present, the Government of India has neither closed its air-borders nor imposed a partial ban on air travel, so it is not certain from where the virus started infecting.we go on holiday abroad and get infected there, we can infect our family and other people when we return. The prevalence of infection of Omicron's variant BF.7 is so high that one infected person can infect an average of 18.6 persons. Although the firepower of Omicron has been almost ineffective in the context of India, but we should not forget that about 4.50 crore cases of infection have been registered in the country. The death toll is also more than 5.31 lakh, but about 4.50 crore people have also become healthy. We are not scaring you with these old figures, but experts estimate that 130 new variants of infection may be present in China in the next 90 days. As a result, the infection and its effects can be estimated. Another reality of China is also being told that despite giving 346 crore doses of vaccines, people do not have the expected immunity, whereas in India more than 220 crore doses have been given and about 98 percent people have sufficient immunity. One of the reasons for this is that a lot of our population has faced the infection, so they have sufficient immunity. On an average, 153 infected cases are being found daily in India.


# Pathaan creates history before its release! Shah Rukh Khan's 'Pathan' becomes the first film to release in ICE theaters

Shah Rukh Khan's film Pathan is the biggest action film of Bollywood till date. Apart from Shah Rukh, the film stars Deepika Padukone and John Abraham. Directed by Siddharth Anand, the adrenaline-pumping film is set to release on January 25, 2023 in Hindi, Tamil and Telugu and is the first Indian film to release in the ICE theater format. Pathan to be released in ICE Theatres- Yash Raj Films has taken a step forward towards a new technology by going ahead for Pathan. We are proud to announce that Pathan will be the first Indian film to release in the ICE format to give the audiences an immersive experience, says Rohan Malhotra, Vice President, Distribution, Yash Raj Films. What happens in ICE Theatre- ICE Theater Includes side panels that, along with the main screen, create a peripheral vision, allowing the color and speed of the screen to be further enhanced. Internationally, films like Doctor Strange in the Multiverse of Madness, The Batman, Fantastic Beasts: The Secrets of Dumbledore, Top Gun: Maverick and Morbius have been released at ICE Theaters in this high-end format.Yash Raj Films Making a start – Rohan says, "The format has already taken off in India with the screening of Avatar: The Way of Water with two operational PVR cinema sites in Delhi NCR. Innovating and adopting new technology before anyone else has always been a part of our DNA at YRF. Experimenting before- He further added, "Yash Raj Films is the first in India to embrace the premium format, as we It has done in the past, such as Dhoom 3 (2013) - the first Indian film in IMAX, Thugs of Hindostan (2018) - the first Indian film in 4DX and MX4D, War (2019) - the first Indian film in D-box.



# 'Drishyam 2' is not ready to kneel down in front of 'Avatar 2', earns a lot even on the 37th day

Only a week has passed since the release of James Cameron's film 'Avatar the Way of Water'. The film has crossed the 200 crore mark within a week. The film's collection is exploding domestically as well as worldwide. However, it is surprising that even after the release of such a big Hollywood film, Ajay Devgan's 'Drishyam 2' is getting an audience. The film has earned a bang in the fifth week as well. The fifth week also continues to earn a lot - despite 'Avatar 2', the collection of 'Drishyam 2' continues in lakhs. The total collection of the film has so far gone up to 224.68 crores. The film did a business of around 85 lakhs on the 36th day. On the 37th day, the film did a business of around one crore. This film is one of the successful Bollywood films of 2022. Where the critics have liked this movie, the audience has also got a lot of love. Let us tell you that Ajay Devgan's film released in the Hindi belt is a remake of the 2017 Malayalam film of the same name. Also, the first part of this film in Hindi language was released a few years back. The film's star cast is the same, only Akshaye Khanna's entry is new. Overseas has crossed the 50 crore mark - Film Critic Taran Adarsh has revealed the overseas collection of 'Drishyam 2'. He said '#Drishyam 2 has crossed the 6.75 million mark in the international market. In the fifth week the film made $287k. Has done a total business of $ 6.76 million (55.99 crores).



# राष्ट्र को कोविड से सुरक्षित रखने हेतु सरकार की गाइड लाइन का देशवासी करें अक्षरशः अनुपालन – राजू आया

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- भारतीय किसान यूनियन ( भानु ) के राष्ट्रीय सगंठन मंत्री राजू आर्या ने भारत सरकार के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिहं की जंयती के अवसर पर उन्हें अपनी ओर से भावुक श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हे किसानों का सच्चा भगवान बताते हुये देशवासियों को आव्हान किया कि वह राष्ट्र को कोविड से सुरक्षित रखने हेतु भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार की गाइड लाइन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें ! किसान दिवस के अवसर पर कट्टर हिन्दूवादी किसान नेता राजू आर्या ने कहा वैसे तो हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रिय सोच एवं बेहतर सरकारी प्रबंधन के चलते देश पर फिलहाल किसी



बीमारी का खतरा नहीं है परन्तु पडौसी देशों में जो बीमारियां पनप रहीं है उनसे हमको सचेत रहने की आवश्यक्ता अवश्य होनी चाहिऐ ! राजू आर्या ने आगे कहा कि हमारा देश पूर्व में कोविड जैसी महामारी का दंश झेल चुका है ! जब तक हम सभंल पाते तब तक अनायास ही काफी लोग इस महामारी के शिकार हो गऐ जिनमें हमारे आपके संबंधी एवं परिचित भी रहे ! भारत सरकार ने अपने ही संसाधनों से इस महामारी पर काबू ही नहीं पाया बल्कि पडोसी देशों की भी सहायता की है ! चूंकि अब यह महामारी एक खतरनाक वैरिएंट के रूप में पुन: पडौसी मुल्कों पर हमलावर है इसलिए हम सब देशवासियों को इससे सतर्क रहते हुऐ अपनी सरकार की गाइड लाइन के मुताबिक घर से बाहर निकलने पर चेहरे पर मास्क एवं भीड भाड वाले इलाकों में दो गज की दूरी का अन्तर बनाऐ रखना ही होगा ! हमें यह भी देखना होगा कि हमारे आस पास पडौसी मुल्कों से कोई मेहमाननबाजी के लिऐ आया और ठहरा तो नहीं है ! यदि ऐसा पाया जाता है तो इसकी सूचना हमें स्वास्थ्य विभाग से शेयर करनी होगी ताकि उनकी कोविड संबंधी जांच होकर अन्य व्यक्तियों को सुरक्षित रखा जा सके ! राजू आर्या ने कहा कि हम स्वस्थ रहेंगें तो हमारा राष्ट्र भी सशक्त बनेगा !

# एलोपैथी दवाओं से नकली आयुर्वेद दवा बनाने वाले गैंग का भंडाफोड़

योगेश मुदगल
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मोहल्ला भगीपुर में एलोपैथी दवाओं से नकली आयुर्वेद दवा बनाने वाले गैंग का भंडाफोड़ हुआ है। गुरुवार को अलीगढ़ मंडल सहायक आयुक्त ड्रग पूरनचंद्र ने टीम सहित भगीपुर में शशिकांत के मकान के प्रथम तल पर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान मौके से 30 लाख रुपये की दवाएं, पैकिंग मैटीरियल और शीशी बरामद हुई हैं। ड्रग इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने दोनों के विरुद्ध कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अलीगढ़ मंडल सहायक आयुक्त ड्रग पूरनचंद्र ने बताया कि दो-तीन दिन पूर्व एटा के मोहल्ला भगीपुर में नकली दवा बनाने की सूचना मिल रही थी। इस पर ड्रग इंस्पेक्टर एटा दीपक कुमार, ड्रग इंस्पेक्टर कासगंज रमेश यादव, क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारी पंकज कुमार, कोतवाली नगर पुलिस की टीम गठित की। टीम ने गुरुवार को भगीपुर में माता मंदिर के सामने सीबी एंटरप्राइजेज के नाम से शशिकांत के मकान में प्रथम तल पर छापामार कार्रवाई की। वहां से टीम ने दवाओं की पैकिंग करते हुए सुशील कुमार को गिरफ्तार किया है। टीम ने मौके से लगभग 30 लाख रुपये की एलोपैथी दर्द निवारक दवाएं, कैप्सूल और पैकिंग मैटीरियल बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरोह संचालक शशिकांत मौके पर नहीं मिला। टीम को मौके पर एलोपैथी दवा विक्रय व आयुर्वेद दवा निर्माण संबंधी कोई लाइसेंस नहीं मिला। सहायक आयुक्त ने बताया कि एटा जिले में यह पांच-सात वर्ष में होने वाली सबसे बड़ी कार्रवाई है। 30-30 की पैकिंग में बनाई जा रही आयुर्वेद दवाएं अलीगढ़ सहायक आयुक्त पूरन चंद्र ने बताया कि भगीपुर में अपंजीकृत सीबी एंटरप्राइजेज के नाम से एलोपैथी दवाओं से नकली रेस-1, रेस-2, रेस ऑयल तैयार किया जा रहा था। इसमें एलोपैथी दवा पायरोक्सीकेम कैप्सूल, फिनाइल मेटाजोल गोली, डैक्सामीथासन, डायक्लोफैनिक, स्ट्रायड मिलाई जा रही थी। एलोपैथी दवा विक्रय, निर्माण के लिए इस नाम की कोई दवा निर्माता एजेंसी विभाग में पंजीकृत नहीं है। दवा निर्माण करने वाली एजेंसी पूरी तरह अवैध है। दीपक कुमार, ड्रग इंस्पेक्टर, एटा भगीपुर में सीबी एंटरप्राइजेज नाम से संचालित फर्म आयुर्वेद दवा निर्माण के लिए विभाग में पंजीकृत नहीं है। यदि कोई इसका संचालन कर रहा है वह अवैध है। पंकज कुमार, क्षेत्रीय आयुर्वेद अधिकारी, एटा अलीगढ़ मंडल में की जा रहीं

आयुर्वेद दवाओं की सप्लाई सहायक आयुक्त अलीगढ़ मंडल ने बताया कि सीबी एंटरप्राइजेज में तैयार हो रही दवाओं की सप्लाई एटा जनपद के अलावा हाथरस, कासगंज, अलीगढ़ में भी की जा रही थी। उन्होंने बताया कि यह गतिविधियां जान से खिलवाड़ की श्रेणी में आती है। कोतवाली नगर में दर्ज कराई गई एफआईआर में इसका उल्लेख किया जा रहा है।


## 6 आरोपियों को दोषी पाते हुए न्यायालय से प्रत्येक अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं 1,06,000 रुपये के जुर्माने की मिली सजा

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते हत्या व आर्म्स एक्ट के मामले में 6 आरोपियों को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय से प्रत्येक अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं ?1,06,000 रुपये के जुर्माने की मिली सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 23/12/2022 को 1-शफी आलम पुत्र मुशीर खां, 2-फरचन अली उर्फ फन्ना पुत्र बंदेअली, 3-रोहिल पुत्र इन्ना मजीद 4-मुशीर पुत्र मुकी तुल्ला, 5-एहजाज पुत्र रियाजुल, 6-बंदेअली पुत्र बकाउल्ला खान निवासी गण भरगैन थाना राजा का रामपुर संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 116/6 धारा 148/149/302 भादवि0 व 25 आर्म्स एक्ट थाना राजा का रामपुर को दोषी पाते हुए माननीय जिला न्यायालय द्वारा प्रत्येक अभियुक्त को आजीवन कारावास व ?106000 अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# गो आधारित व प्राकृतिक खेती से ले रहे दोगुना मुनाफा

योगेश मुदगल
क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- एक तरफ जिले के 90 फीसदी किसान रासायनिक खादों का उपयोग कर फसलों एवं मिट्टी की गुणवत्ता खराब कर रहे हैं। दूसरी तरफ गो आधारीय एवं प्राकृतिक खेती करने वाले किसान बेहद कम लागत में अच्छा मुनाफा कमाने के साथ मिट्टी उर्वरा शक्ति बढ़ाकर उत्पादन भी काफी अच्छा प्राप्त कर रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी डा.मनवीर सिंह ने बताया कि सभी प्रकार के फसलीय सीजनों के दौरान जिले के अधिकांश किसान डीएपी, यूरिया एवं एनपीके आदि रासायनिक खादों के लिए खाद केंद्रों पर परेशान रहते हैं। उसके बाद भी उनका फसल उत्पादन मंडियों में सामान्य रेटो पर ही बिकता है। इससे फसलों की लागत भी नहीं निकल पाती है। इजर एवं प्रेस्टीसाइड पर फिजूल खर्च करने की जरुरत नहीं पड़ेगी। प्राकृतिक अनाज की खेती के साथ बनाते बीज शीतलपुर ब्लॉक के गांव वाहनपुर निवासी किसान फूल सिंह आर्य वर्षों से रासायनिक खादों के मोहताज नहीं हैं। वह पशुपालन कर उनके ही मलमूत्र से खरीफ एवं रबी के अलावा दलहन एवं तिलहन की फसलें करते हैं। उसके साथ ही वह बीज भी बनाते हैं। इसका उपयोग वह करते हैं व अन्य किसानों को भी देते हैं। फूल सिंह के अनुसार प्राकृतिक खेती करना तभी संभव है जब पशुपालन किया जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गेहूं के साथ जौ की फसल कर रहे हैं।

# विदेश से आने वालों की कोरोना टेस्टिंग न ट्रेसिंग

योगेश मुदगल
क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिले में मिलने वाले कोरोना संक्रमितों को होम आइसोलेट कर देखभाल करने के निर्देश शासन से दिए गए हैं। इससे जिले में कोरोना संक्रमित निकलने के बाद भी उनको संबंधित कोरोना अस्पताल में भर्ती नहीं कराया गया है। शासन से सप्ताहभर तक कोरोना संक्रमित व्यक्ति को होम आइसोलेशन में रखकर देखभाल करने के निर्देश है। जिले में प्रतिदिन 1500 लोगों की कोरोना जांच के निर्देश- एटा, जिले में प्रतिदिन 1500 लोगों की कोरोना जांच कराये जाने के निर्देश शासन से दिए गए हैं। जिसके एवज में चार से पांच सौ लोगों की जांच ही प्रतिदिन करायी जा पा रही है। वह भी सीएचसी, पीएचसी से आने वाले कोरोना सेम्पल भी शामिल है। जांच कराने वालों में अधिकांश जेल, न्यायालय सहित अन्य सरकारी कार्यों के लिए कोरोना जांच कराने वाले हैं। जिसकी वजह से उनके कार्य बाधित होने की आशंका रहती है। पॉवर प्लांट में प्रतिदिन विदेश से आते हैं अधिकारी- एटा, मलावन स्थित पॉवर प्लांट में दुसान कंपनी में कार्यरत कोरियाई अधिकारीगण प्रतिमाह विदेश यात्रा कर पहुंचते हैं। चीन में कोरोना संक्रमण तेजी से बढ़ने पर इनमें से किसी के भी संक्रमित होने की संभावना लगातार बनी रहती है। पिछले महीने ही एक अधिकारी कोरोना संक्रमित पाया गया था। शासन से संक्रमित को होम आइसोलेट करने का निर्देश- एटा, संवाद। विदेश से यात्रा कर जनपद में आ रहे लोगों की टेस्टिंग-ट्रेसिंग का कार्य नहीं हो रहा है। उससे कोरोना वायरस संक्रमण फैलने का डर लगातार बना हुआ है। विदेश से आने वाले लोगों की संबंधित एयरपोर्ट पर ही जांच की जा रही है। जहां से वह सीधे अपने घर पहुंच रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में प्रतिमाह विदेश से आने वाले लोगों की संख्या 10 से 15 तक पहुंच रही है, भेजकर जांच कराने का कार्य होता है। जिले में बाहर से आने वालों की कोई कोरोना जांच नहीं हो रही है। वर्ष 2020 के कोरोना काल के बाद से विदेशी लोगों की टेस्टिंग, ट्रेसिंग का कार्य समाप्त सा हो गया है। उसकी वजह से विदेश से आने वाले यात्री एयरपोर्ट से जांच कराने के बाद महानगरों में सगे-संबंधियों के यहां रुकते हुए अपने घर, गांव तक पहुंच रहे है। ऐसे में यदि कोई विदेशी यात्री कोरोना संक्रमित हुआ। उस स्थिति में जिले में कोरोना वायरस संक्रमण फैलने से इंकार नहीं किया जा सकता। जिले में आये विदेशियों की मॉनीटरिंग की स्थिति भी ठीक नहीं है। विदेश से आने वाले अभिलेखों में दर्ज मोबाइल नंबर को बंद कर लेते हैं। ऐसे में सूचना मिलने के बाद भी उनको ट्रैस करना स्वास्थ्य टीमों के लिए बेहद मुश्किल भरा है। गत दिनों मलावन पॉवर प्लांट में कोरिया से आये अधिकारी जांच में संक्रमित पाये गये थे। जिसके बाद उनको स्वास्थ्य विभाग ने प्लांट पर ही होम आइसोलेट किया था। पूर्व में ग्रामीण स्तर पर विदेश से आने वाले एवं संभावित कोरोना संक्रमितों के बारे में आशाओं के माध्यम से जानकारी करायी जाती थी।

# कपसरा महान-1 एसईसीएल खदान में मारपीट की घटना को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार, थाना भटगांव पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दिनांक 15.12.2022 को एसईसीएल महान-1 खदान के सुरक्षा प्रभारी शंभूनाथ सिंह ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 14.12.22 के रात्रि में महान-1 ओसीएम बंद खदान वर्कशॉप स्टोर में हरगोविन्द सिंह व संतोष की ड्यूटी स्टोर ऑफिस में लगी थी, रात्रि करीब 1.30 बजे स्टोर ऑफिस तरफ हल्ला होने पर ओमकार सिंह के साथ जाकर देखे कि हरगोविन्द के सिर में चोट लगा था खून निकल रहा था पूछने पर हरगोविन्द ने अज्ञात चोरों के पत्थर फेंककर मारने से नहीं हटने पर पप्पू निशाद के द्वारा डण्डा से मारपीट कर चोट पहुंचा। रिपोर्ट पर थाना भटगांव में अपराध क्रमांक 245/22 धारा 307, 457, 294, 506, 336, 323, 34 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामला पंजीबद्ध होने के बाद थाना भटगांव पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था व




अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने मामले में संलिप्त आरोपियों की पतासाजी करते हुए शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश थाना प्रभारी भटगांव शरद चन्द्रा को दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व डीएसपी मुख्यालय नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना भटगांव की पुलिस आरोपियों की धरपकड़ हेतु लगातार दबिश दे रही थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर घटना के मुख्य आरोपी पप्पू निशाद पिता श्याम सुन्दर निशाद उम्र 35 वर्ष निवासी बाजारपारा, थाना भटगांव को घेराबंदी कर शनिवार को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया, मामले में आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार किया गया।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चंद्रा, प्रशिक्षु डीएसपी दीपमाला कुर्रे, एसआई सी.पी.तिवारी, बृजमोहन गुप्ता, प्रधान आरक्षक संजय चौहान, पूरन राजवाड़े, आरक्षक ताराचंद यादव, शैलेश राजवाड़े, प्रहलाद पैंकरा, गिरजा शंकर, रजनीश पटेल, प्रकाश साहू, मनोज जायसवाल, संतोष जायसवाल, व भुनेश्वर पाटले सक्रिय रहे।

# केनापारा में हुआ क्रिकेट का सेमीफाइनल मैच



रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दतिमा मोड़- भैयाथान के ग्राम पंचायत केनापारा में क्रिकेट का बहुत ही भव्य एवं रोमांचक मैच का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भटगांव विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष लालजी राजवाड़े पंचायत के सरपंच विभिन्न वार्डों के पंच व विशाल जनसमूह शामिल हुआ जिसमें मुख्य अतिथि ने संबोधन में कहा कि खेल का महत्व उतना ही है हमारे जीवन में जितना पढ़ाई का महत्व है और उन्होंने बताया की आज ग्राम स्तर पर कई खिलाड़ियों जो कि आज राज्य देश व विदेशों में अपना खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। सेमीफाइनल में ग्राम पंचायत दतिमा इलेवन व ग्राम पंचायत कसकेला इलेवन के बीच में मैच संपन्न हुआ। जिसमें की कसकेला ने पहले बैटिंग करते हुए दस ओवर पर 53 रन बनाए वहीं दतिमा ने 8 विकेट खोकर मात्र 7 ओवर में ही मैच जीत लिया। क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल 27 दिसंबर को रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि भटगांव विधानसभा के विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े उपस्थित रहेंगे

# विकासखंड मुख्यालय भैयाथान में सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी आयोजित

## शिविर में वितरण की गई शासन की योजनाओं पर आधारित निःशुल्क प्रचार सामग्री

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में 17 दिसंबर को राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया जा रहा है।राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए आज शनिवार को विकासखंड मुख्यालय भैयाथान के खेल मैदान में सूचना शिविर सह छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के मार्गदर्शन में छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पिछले 4 साल के महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी से लोगों को सहजता से योजनाओं की जानकारी मिल रही है। छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य सरकार की राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना, नई उद्योग नीति की सफलता,धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, राजीव युवा मितान क्लब, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, कोदो कुटकी एवं रागी की उत्पादकता बढ़ाने के लिए




छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, समर्थन मूल्य पर लघु वनोपजो की खरीदी, छत्तीसगढ़ न्याय की नई परिभाषा के तहत कर मुक्त किसान, सशक्त आदिवासी, लाभान्वित श्रमिक, आर्थिक तरक्की करता छत्तीसगढ़- निर्यात में पौने तीन गुना की वृद्धि, कृष्ण कुंज योजना के तहत उपयोगी वृक्षों का रोपण एवम अमूल्य विरासत का संरक्षण तथा बिजली बिल हाफ योजना की जानकारी प्रदर्शित की गई है। इसके साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिकाओं एवं पंपलेट भी वितरित किए जा रहे हैं।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

# प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक की पीट-पीटकर हत्या, बांध में फेंक दिया था शव, पिता-पुत्र गिरफ्तार

युवक के गुमशुदगी की जांच कर रही पुलिस कॉल डिटेल के आधार पर युवक की प्रेमिका तक पहुंची और परिजनों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने हत्या करना स्वीकार कर लिया है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के सनावल थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरपान में प्रेमिका से मिलने उसके घर गए

युवक को प्रेमिका के परिजनों ने आपत्तिजनक हालत में देख लिया और उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी। युवक की मौत के बाद उसके शव को कुंडपान के जंगल में बांध में पत्थर बांधकर फेंक दिया। युवक के गुमशुदगी की जांच कर रही पुलिस कॉल डिटेल के आधार पर युवक की प्रेमिका तक पहुंची और परिजनों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने हत्या करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने हत्या के आरोप में प्रेमिका के पिता और भाई को गिरफ्तार कर लिया है। वाड्रफनगर एसडीओपी अभिषेक झा ने बताया कि ग्राम पिपरपान निवासी विनोद यादव 22 वर्ष 16 दिसंबर की रात से लापता हो गया था। उसके पिता सोना यादव ने खोजबीन के बाद 18 दिसंबर को सनावल थाने में विनोद यादव की गुमशुदगी की रिपोर्ट सनावल थाने में दर्ज कराई थी। युवक की खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चला। मामला संहेहास्पद प्रतीत होने पर बलरामपुर एसपी मोहित गर्ग के निर्देश पर सनावल थाना प्रभारी रजनीश सिंह, त्रिकुंडा थाना प्रभारी सतीश सहारे व डिंडो चौकी प्रभारी भागवत नायकर की टीम बनाकर जांच के लिए निर्देश दिया गया। पुलिस ने गुमशुदा युवक विनोद यादव के मोबाइल का कॉल डिटेल निकाला। कॉल डिटेल में एक मोबाइल नंबर ऐसा मिला, जिससे सर्वाधिक बार बात होना पाया गया। लापता होने के पूर्व भी उसका अंतिम कॉल उसी नंबर पर था। पुलिस ने उस मोबाइल नंबर की खोजबीन की तो वह गांव की एक युवती का था, जिससे विनोद यादव का प्रेम संबंध लंबे समय से था।

# अंबेडकरनगर में धारदार हथियार से वृद्ध दंपति की गला काट बेरहमी से हत्या, चारपाई पर मिले खून से सने शव



अंबेडकरनगर- धारदार हथियार से वृद्ध दंपति की गला काटकर हत्या कर दी गई। सुबह दोनों का शव चारपाई पर पाया गया। पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, स्वाट टीम प्रभारी समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच पड़ताल कर रही है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस घटना को चोरी का प्रयास में अंजाम देने की बात कह रही है। भाई की पत्नी ने देखे दोनों के शव- हंसवर के फिदाई गनेशपुर गांव के वृद्ध बलदेव अपनी पत्नी विद्या देवी के साथ घर पर रहते है। इनका एक पुत्र है, जो दिल्ली में परिवार के साथ रहता है। वृद्ध दंपति शुक्रवार की शाम खाना खाकर घर के बरामदे में सो गए। सुबह करीब 10 बजे मृतक के भाई की पत्नी राजकुमारी अपने बच्चे के लिए अमरूद तोड़ने गई तो देख दोनों लोग चारपाई पर पड़े थे। इसकी जानकारी पड़ोसियों को दी। थोड़ी देर में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। हंसवर थाने की पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए दोनों शवों को कब्जे में ले लिया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर की जांच- पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा, अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय, क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार, टांडा निरीक्षक अमित प्रताप सिंह, हंसवर थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, स्वाट टीम प्रभारी संजय सिंह व फिंगर प्रिंट स्पर्ट मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटे है। मृतक के भाई की पत्नी राजकुमारी ने तहरीर दी है। स्वजन का रो-रो कर हाल बेहाल- वृद्ध दंपति की तीन पुत्रियां है, जो शादी के बाद ससुराल में रहती है। माता-पिता की हत्या की सूचना पर पहुंच गई है। इनका रो-रो कर हाल बेहाल है। पुत्र परिवार के साथ रोजी-रोटी के सिलसिले में दिल्ली में रहता है। सूचना पर वह घर से निकल चुका है। प्रथम दृष्ट्या मामला चोरी का प्रयास है। प्रतिरोध करने पर हत्या कर दी गई है। अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। जांच पड़ताल की जा रही है। शीघ्र ही घटना का अनावरण कर दिया जाएगा।


# अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति का पुनर्गठन

सत्यम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय प्रताप नारायण सिंह जी के आवाहन पर आज दिनांक 24 दिसंबर जिलाअध्यक्ष सत्यम शर्मा जी के निज- निवास कैम्प कार्यालय पर संगठन में निष्क्रिय पदाधिकारी को हटाकर नए साथियों को जिम्मेदारी के साथ साथ सदयस्यता अभियान की समीक्षा और कार्यशाला आयोजन पर भी प्रकाश डाला गया, संचालन करते हुए जिला अध्यक्ष सत्यम शर्मा जी ने कहा कि पत्रकार की ताकत उसकी अपनी कलम होती है आपका संगठन 22 राज्यों में हर जगह कार्यरत है कभी कहीं भी किसी भी पत्रकार भाइयों पर नाइंसाफी नहीं होने देंगे जीत हमेशा सत्य की होती है एबीपीएसएस के सभी पत्रकार भाई होने के साथ साथ आपका अपना संगठन हमेशा किसी भी संगठन का पत्रकार भाई हो या ना भी हो संगठन का प्रत्येक भाई सुख दु:ख में खड़ा है और खड़ा रहेगा। संगठन के पत्रकार साथियों में शशांक राठौर- महासचिव, अशोक शर्मा - वरिष्ट जिलाउपाध्यक्ष, अंकित चौहान- उपाध्यक्ष, देशदीपक गंगवार- उपाध्यक्ष, प्रवीन कुमार- जिलासचिव, धीरेन्द्र सिंह- जिला संयुक्त सचिव, अरुण जायसवाल- सचिव तक़रिजा- जिला संयुक्त सचिव, सहावर सिद्दीकी- जिला मीडियाप्रभारी, अश्वनी शर्मा- मीडियाप्रभारी, अनमोल सिंह को कोषाध्यक्ष एवं जिला संगठन मंत्री वीरेन्द्र कुमार कानूनी सलाहकार एडवोकेट श्री संजय सक्सेना एवं एडवोकेट सत्यपाल सिंह संगठन में सदस्य - अजय प्रताप, रजनीश श्रीवास्तव, मोहित, छत्रपाल आदि तहसील आँवला- तहसील अध्यक्ष के पद पर - प्रयदर्शी आशुतोष विशालशर्मा,एवं अमर शर्मा, संत प्रसादशर्मा सहकार्यकरता के रूप में सभी पत्रकार भाइयों को अपने अपने पदों से सम्मानित कर सभी को बधाई दी, कर्तव्यनिष्ठ-ईमानदारी से सभी के साथ एकजुटता लेकर चलने की प्रेरणा दी ।।

# बिजनौर के 5 साल के बच्चे में कोरोना संक्रमण की पुष्टि, जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए दिल्ली भेजे सैंपल



बिजनौर निवासी पांच साल के बच्चे में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। वह मेरठ के न्यूटिमा अस्पताल में भर्ती है। सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन का कहना है कि बच्चे का सैंपल जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए दिल्ली प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। इसके संपर्क वालों की भी कोरोना की जांच कराई जाएगी।उत्तर प्रदेश के बिजनौर में 5 साल के बालक को कोरोना की पुष्टि हुई है। वह मेरठ के न्यूटिमा अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल के प्रबंधक डॉ संदीप गर्ग ने बताया कि बच्चा वेंटिलेटर पर है। इसे निमोनिया है। उपचार किया जा रहा है। सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन का कहना है कि निजी लैब से बच्चे को पुष्टि हुई है। इसका सैंपल जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए दिल्ली प्रयोगशाला भेजा जाएगा। इसके संपर्क वालों की भी कोरोना की जांच कराई जाएगी।

गनीमत है कि मेरठ में शुक्रवार को 376 लोगों की जांच में कोरोना का कोई मरीज नहीं मिला है। फिलहाल एक भी सक्रिय केस नहीं है। हालांकि सतर्कता जरूरी है। प्रमुख सचिव के निर्देश के बाद सीएमओ ने गाइडलाइन जारी कर दी है। लोगों से भीड़ में मास्क लगाने और खांसी-बुखार व सांस लेने में दिक्कत होने पर जांच कराने की अपील की गई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों, अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को कोविड-19 प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी किए जाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अखिलेश मोहन ने बताया शासन से आए दिशा निर्देश पर अमल शुरू कर दिया गया है। सभी स्वास्थ्य इकाइयों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों (एमओआईसी) को शासन से मिले दिशा निर्देश का तत्काल प्रभाव से पालन करने के लिये निर्देश दिए गए हैं। सभी कोविड प्रयोगशालाओं को फिर से सक्रिय कर दिया गया है। विभिन्न सरकारी और निजी चिकित्सालयों की ओपीडी व इनडोर इकाइयों पर लक्षण युक्त व्यक्ति जिसमें खांसी ,बुखार या सांस लेने में कठिनाई के लक्षण पाए गए हों, उनकी कोविड-19 जांच कर 24 घंटे में लैब को देने के लिए निर्देश दिए हैं। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण का कहना है कि एसपी, सीओ और थानेदारों को भी शासन के आदेश से अवगत करा दिया है। सार्वजनिक स्थानों पर मास्क चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं। एसटीएफ को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए है।

## रेलवे स्टेशन, बस अड्डों पर होगी स्क्रीनिंग

सीएमओ ने बताया विदेश से आए यात्रियों व रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर यात्रियों की स्क्रीनिंग की जाएगी। ऑक्सीजन प्लांट पूरी तरह क्रियाशील है। जरूरत पड़ने पर उनकी क्षमता बढ़ाई जाएगी। अस्पतालों में वेंटिलेटर, कन्सन्ट्रेटर की पर्याप्त व्यवस्था है।

## मेडिकल-जिला अस्पताल में कोविशिल्ड खत्म, नहीं लगी बूस्टर डोज

कोरोना के फिर से खतरे के कारण लोग बूस्टर डोज (तीसरा टीका) लगवाने पर जोर दे रहे हैं। शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज में कोविशिल्ड वैक्सीन खत्म हो गई, नतीजतन काफी लोगों को बिना बूस्टर डोज के ही वापस लौटना पड़ा। जागृति विहार से आए निहारिका, निखिल, शास्त्रीनगर के नितिन और ब्रह्मपुरी के विशाल को बूस्टर डोज नहीं लग सकी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ प्रवीण गौतम ने बताया कि कोविशिल्ड के अलावा कोवाक्सिन भी कम ही बची है। फिलहाल 35 सेंटर सक्रिय जहां टीकाकरण किया जा रहा है।

# ज्ञानवापी की तर्ज पर न्यायालय ने मांगी ईदगाह की अमीन रिपोर्ट, 20 को अगली सुनवाई

मथुरा- श्रीकृष्ण जन्मस्थान मामले में हिंदू सेना के वाद पर सिविल जज सीनियर डिवीजन (तृतीय) न्यायालय ने अमीन सर्वे का आदेश दिया है। अगली सुनवाई के लिए 20 जनवरी की तिथि तय की है। ऐसा ही आदेश पूर्व में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर के लिए दिया गया था।

## अब तक दायर हो चुके हैं 13 वाद

8 दिसंबर को हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल्ली निवासी विष्णु गुप्ता और उपाध्यक्ष सुरजीत सिंह ने सिविल जज सीनियर डिवीजन (तृतीय), सोनिका वर्मा के न्यायालय में वाद दायर कर श्री कृष्ण जन्मस्थान परिसर से शाही मस्जिद ईदगाह हटाने की मांग की थी। इस मामले में आठ दिसंबर को ही न्यायालय ने अमीन रिपोर्ट मंगाने के आदेश कर दिए। वादी के अधिवक्ता ने बताया कि न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 20 दिसंबर की तिथि नियत की है। श्रीकृष्ण जन्मस्थान मामले में अब तक 13 वाद दायर हो चुके हैं। इनमें दो वाद पूर्व में न्यायालय ने खारिज किए थे।



## 12 जनवरी को होगी एक मामले में सुनवाई

श्रीकृष्ण जन्मस्थान मामले में जिला जज के न्यायालय उपस्थित न होने के कारण नहीं हो सकी सुनवाई। अब इस मामले में 12 जनवरी की तिथि तय। अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह की अपील पर सुनवाई होनी थी। महेंद्र प्रताप ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर से शाही मस्जिद ईदगाह हटाने की मांग की थी। इस पर सिविल जज सीनियर डिवीजन के न्यायालय ने पहले पोषणीयता के बिंदु पर सुनवाई के निर्णय दिया था। इसके विरुद्ध वादी ने जिला जज के न्यायालय में अपील दायर की थी।

# मास्क पहन पीएम मोदी से मिले सीएम योगी फिर दो गज की दूरी पर बैठ की मुलाकात

लखनऊ- चीन में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट के तबाही मचाने के बाद देश में इसे लेकर हाई अलर्ट कर दिया गया है। इस बीच आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए दिल्ली में मुलाकात की। पीएम मोदी को गुलदस्ता देते समय सीएम योगी ने मास्क पहन रखा था। सीएम योगी की पीएम मोदी से इस मुलाकात के बाद देश और प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चाएं होने लगी। बता दें कि भाजपा का यूपी में निकाय चुनाव के साथ लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां पर भी फोकस है।



## मास्क और दो गज दूरी का दिया संदेश

जब सीएम योगी और पीएम मोदी बातचीत के लिए बैठे तो दोनों के बीच दो गज की दूरी भी थी। कोरोना से बचाव के लिए पीएम मोदी ने यह मंत्री भी दिया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि दो गज दूरी और मास्क है जरूरी। कोरोना की दहशत के बीच पीएम मोदी और सीएम योगी को कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए देश और प्रदेश के लोगों को संदेश भी दे रहे हैं कि कोरोना से बचाव के लिए मास्क और उचित दूरी बनाए रखना बहुत आवश्यक है।

## सीएम योगी ने ट्वीट कर दी जानकारी

सीएम योगी ने पीएम से मुलाकात के बाद ट्वीट कर कहा कि राष्ट्र सेवा में सतत समर्पित आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आज नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। अपना बहुमूल्य समय प्रदान करने हेतु हृदयतल से आभार प्रधानमंत्री जी!

## पीएम मोदी और सीएम योगी के बीच एक घंटे तक हुई चर्चा

दिल्ली में आलाकमान से मुलाकात के दौरान आयोगों में नियुक्ति, रूष्ट के नामों पर चर्चा और निकाय चुनाव आदि पर चर्चा की संभावना है। इसी के साथ फरवरी में होने वाली ग्लोबल इनवेस्टर समिट 2023 के बारे में भी बातचीत की संभावना है। बता दें कि योगी आदित्यनाथ की टीम यूपी में विदेशी निवेशकों को निवेश के लिए आमंत्रित करने के लिए दौरे पर थी। टीम ने लौट कर सात लाख करोड़ से अधिक के निवेश की रिपोर्ट सीएम योगी को सौंपी। इस पर भी पीएम मोदी से चर्चा की संभावना है। वहीं देश और प्रदेश में एक बार फिर कोविड संक्रमण के खतरे के बीच हुई इस मुलाकात में कोरोना पर नियंत्रण लगाने पर भी चर्चा की संभावना है।

# अल्ट्रासाउंड के बहाने डाक्टर ने महिला से किया दुष्कर्म, विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- क्वार्सी थाना क्षेत्र के एक इलाके की घटना। डाक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद उसकी गिरफ्तारी कर ली गई है। महिला के आरोपों की जांच पुलिस की टीम कर रही है। अलीगढ़। यूपी के अलीगढ़ जिले में एक डाक्टर पर दुष्कर्म का आरोप लगा है। दादों क्षेत्र की महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि शहर के अचलताल स्थित अस्पताल का होम्योपैथिक डाक्टर उसे अल्ट्रासाउंड कराने के बहाने ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे एक गोली खिला दी, जिससे महिला बेहोश हो गई। होश में आने पर महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपित ने जान से मारने की धमकी दी। सात महीने से चल रहा था महिला का इलाज- दादों थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। इसमें कहा है कि अचलताल स्थित रामलीला भवन में संचालित देवत्रय चैरिटेबल अस्पताल में करीब सात माह से उसका इलाज चल रहा है। हर माह महिला यहां के डा. सुरेंद्र सिंह चौहान (बीएचएमएस) से इलाज करा रही थी। गुरुवार को महिला अस्पताल में आई। आरोप है कि डाक्टर ने अल्ट्रासाउंड कराने के लिए क्वार्सी क्षेत्र के एक इलाके में जाने के लिए कहा। बताया कि वहां लेडी डाक्टर से अल्ट्रासाउंड कराया जाएगा। डाक्टर पर भरोसा करके महिला उसके साथ चली गई। इसके बाद डाक्टर उसे अपने एक परिचित के मकान में ले गया। वहां अंदर ले जाकर डाक्टर ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने उसे जान से मारने की धमकी दी। अलट्रासाउंड से पहले दी गोली, जिसे खाकर हुई बेहाश- आरोप है कि डाक्टर ने मकान में उसे एक गोली ये कहकर दी कि अल्ट्रासाउंड से पहले इसे खाना पड़ता है। इससे महिला बेहोश हो गई। करीब एक घंटा बाद उसे होश आया तो उसने विरोध किया। आरोप है कि डाक्टर ने धमकी दी कि तेरी लाख भी पता नहीं चलने दूंगा। इसके बाद महिला ने पुलिस को सूचना दे दी। इंस्पेक्टर पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपित डा. सुरेंद्र सिंह चौहान के खिलाफ दुष्कर्म व धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

# बिजली विभाग किसानों की सिंचाई के लिए अस्थाई समाधान करें - राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है के किसानों के ट्यूबवेल के कनेक्शनों की फाइल अप्रूवल होने के लिए अधिकारियों के यहां लड़की पड़ी है सिंचाई न होने के कारण किसानों की खेती बहुत खराब हो रही है फाइल अगर अप्रूवल नहीं हो पा रही है तो बिजली विभाग किसानों की सिंचाई के लिए लोकल इंतजाम करें अगर खेती खराब हुई तो इसकी जिम्मेदारी बिजली विभाग के अधिकारियों की होगी भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के आदेश बिजली विभाग को दे रखे हैं उसके बावजूद भी उन आदेशों का उल्लंघन हुआ उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि बिना सिंचाई के किसानों की खेती को भारी नुकसान हो रहा है लाह की खेती गेहूं की खेती अभी काफी खराब हो रही है बिना पानी के बिना सिंचाई के खेती को नुकसान हो रहा है ट्यूबवेल के कनेक्शन बिजली विभाग ने रोक रखे हैं वर्ल्ड बैंक के जितने भी कनेक्शन है ट्यूबवेल के लटके पड़े हैं अप्रूवल नहीं हो रहे हैं बिजली विभाग के अधिकारियों से कहना है किसानों की सिंचाई के लिए अस्थाई समाधान करें किसानों की खेती बिना पानी के खराब नहीं होनी चाहिए सरकार के आदेश का पालन करें किसानों की समस्याओं के लिए सरकार वचनबद्ध है किसान आते हैं शिकायत करते हैं तो बड़ा दुख होता है किसानों का संगठन है किसानों की समस्याओं की अनदेखी बिजली विभाग द्वारा बर्दाश्त नहीं की जाएगी